हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 14 जून 2026



04 सरेआम उड़ी नियमों की धज्जियां: कुप्पों में डीजल...





07 कुरावर-श्यामपुर रेलखंड का निरीक्षण...






## खबर संक्षेप

### बाढ़ नियंत्रण एवं आपदा प्रबंधन के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार आपदा प्रबंधन, अतिवृष्टि एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने और सुरक्षात्मक उपायों के लिए कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 138 में बाढ़ नियंत्रण कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 07562-226470 है। यह कंट्रोल रूम वर्षाकालीन अवधि में 15 जून से 15 अक्टूबर 2026 तक 24 घंटे सक्रिय रहेगा। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार कंट्रोल रूम के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेशानुसार बाढ़ नियंत्रण के समय जिला स्तर पर संयुक्त कलेक्टर रविंद्र परमार (मो. 8295409698), तहसीलदार भूसंसाधन प्रबंधन विजय सराठिया (मो. 9827594558) और नायब तहसीलदार सत्यनारायण मालवीय (मो. 8966995414) से संपर्क किया जा सकता है।

### निजी स्कूलों के बच्चों को भी सांदीपनि विद्यालयों में मिलेगा प्रवेश

**सीहोर।** सांदीपनि विद्यालयों में प्रवेश को लेकर प्रदेश शासन ने बड़ा फैसला लिया है। अब तक यहां मुख्य रूप से शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों को प्रवेश मिलता था। नए निर्देशों के बाद निजी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थी भी सांदीपनि विद्यालयों में प्रवेश ले सकेंगे। प्रवेश मेरिट और प्रवेश परीक्षा के आधार पर होगा। लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशों के अनुसार सत्र 2026-27 में सांदीपनि विद्यालयों की रिक्त सीटों पर शासकीय और निजी, दोनों तरह के विद्यार्थियों को मौका मिलेगा। इससे बेहतर शैक्षणिक माहौल चाहने वाले अभिभावकों और विद्यार्थियों को राहत मिलेगी। सांदीपनि विद्यालयों की स्थापना का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के मेधावी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना है। यहां सामान्य सरकारी स्कूलों की तुलना में बेहतर शैक्षणिक वातावरण, आधुनिक प्रयोगशालाएं, स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, खेल सुविधाएं, प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अनुकूल माहौल उपलब्ध कराया जाता है। अब तक योजना का प्रमुख उद्देश्य आसपास के शासकीय विद्यालयों का समेकन कर विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं देना था। इसी कारण प्रवेश में शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को प्राथमिकता मिलती थी।

### लंबे समय से जमे बाबूओं को अब मूल स्थानों पर भेजने की जगह डीईओ बोले-मांग रहे मार्गदर्शन

# गैर शैक्षणिक कार्यों में जमे 'बाबू' शिक्षक भेजे जाएंगे अपनी मूल शाला, डीपीआई ने जारी किए सख्त आदेश

जिले के उन सभी प्राथमिक, माध्यमिक और प्रयोगशाला शिक्षकों का अटैचमेंट तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

खबर का असर

नियमों को ताक पर रखकर और बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर जिले के विभिन्न दफ्तरों, जनशिक्षा केंद्रों और मलाईदार पदों पर 'बाबू' बनकर जमे 90 से अधिक शिक्षकों के खिलाफ लोक शिक्षण संचालनालय ने बड़ी कार्रवाई की है। 'हरिभूमि' अखबार में लगातार प्रकाशित हुई खबरों का बड़ा असर देखने को मिला है।

लोक शिक्षण संचालनालय के आयुक्त द्वारा जारी आदेश क्रमांक 2026/928 के तहत जिले के उन सभी प्राथमिक, माध्यमिक और प्रयोगशाला शिक्षकों का अटैचमेंट तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है, जो लंबे समय से गैर शैक्षणिक कार्यों में लगे हुए थे। इन सभी को तुरंत कार्यमुक्त कर उनकी मूल पदस्थापना वाले स्कूलों में भेजने का फरमान सुनाया गया है।

### ई-अटेंडेंस से ही बंटेगा वेतन लापरवाही पर नपेंगे अधिकारी

डीपीआई आयुक्त ने सीहोर जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि सूची में शामिल सभी शिक्षकों को तत्काल उनकी मूल संस्था के लिए कार्यमुक्त किया जाए। ये शिक्षक अब अपने मूल स्कूलों में उपस्थित होंगे और उनकी ई-अटेंडेंस के आधार पर ही उनका वेतन मूल संस्था से आहरित किया जाएगा। आदेश में कहा गया है कि इस प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### हरिभूमि ने सिलसिलेवार दिखाई बदहाली




डीईओ संजय सिंह तोमर ने बताया कि आदेश प्राप्त हुआ है, हम इस संबंध में शासन से मार्गदर्शन मांग रहे हैं, इसके बाद ही कुछ निर्णय लेंगे।

### जिले के इन करीब 90 जनशिक्षकों को स्कूलों में भेजने के डीपीआई ने दिए निर्देश

#### माध्यमिक शिक्षक संवर्ग

अनिल श्रीवास्तव: मूल संस्था शामाशा नवरंगपुर, जिपं. सीईओ के आदेश पर 13 दिसंबर 2024 से आष्टा में अटैच।
सालनी सारसिया: मूल संस्था हाई स्कूल कोठरी, जिपं. सीईओ के आदेश पर 12 जून 2021 से बीआरसी कार्यालय आष्टा में अटैच।
कैलाश चंद्र परिहार: मूल संस्था हाई स्कूल चुपाडिया, जिपं. सीईओ के आदेश से 12 जून 2022 से जनशिक्षा केंद्र हा. स्कूल कोठरी में अटैच।
बहादुर सिंह ठाकुर: मूल संस्था मा.शा. मुंडला, 20 सितंबर 2023 से जनशिक्षा केंद्र कुरावर में अटैच।
लखन सिंह ठाकुर: मूल संस्था मा.शा. गोपालपुर 03 जुलाई 2024 से जनशिक्षा केंद्र कुरावर में अटैच।
प्रमोद खरे: मूल संस्था मा.शा. वीरपुर डेम 25 जुलाई 2019 से जनशिक्षा केंद्र वीरपुरडेन में अटैच।
रामसिंह मेवाड़ा: मूल संस्था शा.मा.शा. रागनगर 20 दिसंबर 2024 से जनशिक्षा केंद्र रामनगर में अटैच।
चंद्रसिंह ठाकुर: मूल संस्था मा.शा. भीलवड़ 20 दिसंबर 2024 से जनशिक्षा केंद्र दीवडिया में अटैच।
सुमेर सिंह कीर: मूल संस्था मा.शा. शाला खडगांव 15 सितंबर 2020 से जनशिक्षा केंद्र छिदगांव काछी में अटैच।
इन्दर सिंह कीर: मूल संस्था शा.उमावि छिदगांवकाछी 15 मार्च 2024 से जनशिक्षा केंद्र छिदगांव काछी में अटैच।
अशोक पंवार: मूल संस्था शाप्रा शाला मलाजपुर 07 मार्च 2024 से जनशिक्षा केंद्र सोयत में अटैच।
जीवनसिंह मेहरा: मूल संस्था शाउमावि गोपालपुर 07 मार्च 2024 से जनशिक्षा केंद्र गोपालपुर में अटैच।
ओमहरि तिवारी: मूल संस्था मा.शा. विवदा 16 अगस्त 2016 से जनशिक्षा केंद्र में अटैच।
राजेश शर्मा: मूल संस्था मा.शा. कुलासकला 24 जुलाई 2018 से जनशिक्षा केंद्र उलझावन में अटैच।
यशपाल राठौर: मूल संस्था मा.शा. भोजनगर 20 सितंबर 2021 से जनशिक्षा केंद्र उलझावन में अटैच।
नरेश गुर्जर: मूल संस्था मा.शा. डेंडी 17 दिसंबर 2024 से जनशिक्षा केंद्र गुड़भेला में अटैच।
चंदर सिंह वर्मा: मूल संस्था मा.शा. शिकारपुर 24 सितंबर 2016 से जनशिक्षा केंद्र शाहगंज में अटैच।
जगदीश मालवीय: मूल संस्था मा.शा. गांधीशिशु 27 नवंबर 2024 से जनशिक्षा केंद्र कस्तूरबा सीहोर में अटैच।
आत्माराम बामनिया: मूल संस्था हाई स्कूल मगरदा 07 मई 2024 से जनशिक्षा केंद्र कस्तूरबा सीहोर में अटैच।
राजेंद्र परमार: मूल संस्था मा.शा. कुलासकला 07 मई 2024 से जनशिक्षा केंद्र ग्वालटोली सीहोर में अटैच।
राजेश चौहान: मूल संस्था मा.शा. डेंडी 01 जनवरी 2021 से जनशिक्षा केंद्र मुगावली में अटैच।
रामेश्वर पाटिल: मूल संस्था बालक श्यामपुर 26 मई 2021 से जनशिक्षा केंद्र श्यामपुर में अटैच।
नरेश गोर: मूल संस्था मा.शा. यांसिया 26 जून 2024 से जनशिक्षा केंद्र घरनाल में अटैच।
नीरज दोहरे: मूल संस्था मा.शा. बीलखेड़ा खुर्द 12 जनवरी 2022 से जनशिक्षा केंद्र वरखेड़ाहसन में अटैच।
धर्मेंद्र यादव: मूल संस्था मा.शा. मुख्तयारनगर 16 दिसंबर 2023 से जनशिक्षा केंद्र श्यामपुर में अटैच।
लखनलाल महेश्वरी: मूल संस्था शाउउंवि मुगावली 13 दिसंबर 2024 से जिला शिक्षा केंद्र सीहोर में अटैच।
नरेन्द्र सोलंकी: मूल संस्था मा.शा. सेवनिया 13 मई 2025 से इछावर में अटैच।
बलवंत अहिरवार: मूल संस्था मा.शा. जर्रापुर 13 दिसंबर 2024 से बुदनी में अटैच।
भारत सिंह: मूल संस्था मा.शा. मढ़ायन 13 दिसंबर 2024 से संकुल केंद्र शाहगंज बुदनी में अटैच।
देवराज सोनी: मूल संस्था मा.शा. खामखेड़ा बैजनाथ 13 दिसंबर 2024 से संकुल केंद्र सेवदा आष्टा में अटैच।
पुरूषोत्तम मण्डलोई: मूल संस्था शाउमावि मैना 13 दिसंबर 2024 से संकुल केंद्र मैना आष्टा में अटैच।
विजेन्द्र सिंह: मूल संस्था मा.शा. पीथापुरा 13 दिसंबर 2024 से संकुल केंद्र सिद्धिकगंज आष्टा में अटैच।
राजेन्द्र सिंह: मूल संस्था शा.हाई स्कूल लसुडिया विजय सिंह 13 दिसंबर 2024 से संकुल केंद्र कोठरी आष्टा में अटैच।
आनंद सिंह भाटी: मूल संस्था हाई स्कूल मोरथोड़ी 13 दिसंबर 2024 से संकुल केंद्र लाडकुई भैरूंदा में अटैच।
राहुल उईके: मूल संस्था शाउमावि निम्नागांव 13 दिसंबर 2024 से संकुल केंद्र कन्या भैरूंदा में अटैच।
रीना महेश्वरी: मूल संस्था मा.शा. उर्दू मीडियम भैरूंदा 13 दिसंबर 2024 से संकुल केंद्र वासुदेव भैरूंदा में अटैच।
ममता शर्मा: मूल संस्था शाउमावि दोहारा 13 दिसंबर 2024 से शाउमावि दोहारा में ही अटैच।
धरमचंद कीर: मूल संस्था मा.शा. रायपुर 13 दिसंबर 2024 से शाहाई स्कूल मुगावली में अटैच।
राजेन्द्र तिवारी: मूल संस्था मा.शा. लसुडिया परिहार 13 दिसंबर 2024 से शा.हाई से. स्कूल कस्तूरबा में अटैच।
आशीष शर्मा: मूल संस्था मा.शा. मुंडला खुर्द 13 दिसंबर 2024 से शा.म.ल.बा.क.हा.से. स्कूल सीहोर में अटैच।
शशिकला पाण्डे: मूल संस्था मा.शा. कोडिया छितु 13 दिसंबर 2024 से शा.हाई स्कूल मण्डी सीहोर में अटैच।

#### प्राथमिक शिक्षक एवं प्रयोगशाला सहायक संवर्ग

कार्तिक राय प्रयोगशाला शिक्षक: मूल संस्था शा.उ.मावि. उलझावन 13 दिसंबर 2024 से शा.हाई से. स्कूल कस्तूरबा में अटैच।
धर्मेन्द्र सिंह प्रयोगशाला सहायक: मूल संस्था शाउमावि सामरदा 13 दिसंबर 2024 से संकुल केंद्र भंवरा आष्टा में अटैच।
अतुल सेन: मूल संस्था ईजीएस मोयापानी 14 नवंबर 2022 से जनशिक्षा केंद्र इछावर में अटैच।
चुन्नीलाल परमार: मूल संस्था प्रा.शा खेजड़ा 18 अगस्त 2023 से जनशिक्षा केंद्र इछावर में अटैच।
चन्द्रसिंह ठाकुर: मूल संस्था मा.शा. लसुडिया गोंडी 22 नवंबर 2022 से जनशिक्षा केंद्र सेमलीजदीद में अटैच।
महेश मालवीय: मूल संस्था मा.शा. भाउखेड़ी 20 दिसंबर 2024 से जनशिक्षा केंद्र भाउखेड़ी में ही अटैच।
नन्दकिशोर वर्मा: मूल संस्था मा.शा. आमलानोआबाद 20 दिसंबर 2024 से जनशिक्षा केंद्र खैरी में अटैच।
पवन त्यागी: मूल संस्था मा.शा. पवन त्यागी 20 दिसंबर 2024 से जनशिक्षा केंद्र बीरपुरडेम में अटैच।
देवेन्द्र पटेल: मूल संस्था मा.शा. बागनखेड़ा 20 दिसंबर 2024 से जनशिक्षा केंद्र दीवडिया में अटैच।
गुरुप्रसाद जागलिया: मूल संस्था मा.शा. नीबूखेड़ा 14 नवंबर 2022 से जनशिक्षा केंद्र बलोंडिया में अटैच।
महेश राठौर: मूल संस्था मा.शा. लसुडिया कांगर 20 दिसंबर 2024 से जनशिक्षा केंद्र ब्रिजिशनगर में अटैच।
तरुणराज चौहान: मूल संस्था शा. हाईस्कूल बाईबोडी 29 अगस्त 2024 से ब्लाक समन्वयक भैरूंदा में अटैच।
रामभरोस सिंह: मूल संस्था मा.शा. सिराली 29 अगस्त 2024 से जनशिक्षा केंद्र पिपलानी में अटैच।
रूप नारायण तिवारी: मूल संस्था प्राशा बिनेका 16 अगस्त 2016 से जनशिक्षा केंद्र डोबी में अटैच।
राघवेद्र मालवीय: मूल संस्था प्रा.शा. खुरानिया 17 अक्टूबर 2022 से जनशिक्षा केंद्र बिलकिसगंज में अटैच।
भोजराज रघुवंशी: मूल संस्था ईजीएस रफीकगंज 20 जनवरी 2022 से जनशिक्षा केंद्र ब्रिजिशनगर में अटैच।
सोनम चौधरी: मूल संस्था प्राशा पाटन 20 जनवरी 2022 से जनशिक्षा केंद्र झरखेड़ा में अटैच।
चेतन शर्मा: मूल संस्था प्राशा दोराहा जोड़ 12 नवंबर 2023 से जनशिक्षा केंद्र दोराहा में अटैच।
नीतेश जेसवाल: मूल संस्था मा.शा. महुआखेड़ा-1 07 अगस्त 2024 से शा. कन्या हासे. स्कूल दोराहा में अटैच।
राजेन्द्र सिंह दांगी: मूल संस्था प्राशा पीपलखेड़ा 16 अक्टूबर 2019 से जनशिक्षा केंद्र अहमदपुर में अटैच।
शीला ससत्या: मूल संस्था शा.प्रा.शा. रेतघाटा कलेक्टर के आदेश पर 31 जुलाई 2024 से जनशिक्षा केंद्र दोराहा में अटैच।
अनीता सल्लाग: मूल संस्था शाप्राशा छाप कलेक्टर के आदेश पर 31 जुलाई 2024 से बालक छात्रावास सीहोर में अटैच।
अकरम बारेला: मूल संस्था शाप्राशा इटावा कलेक्टर के आदेश पर 31 जुलाई 2024 से बालक छात्रावास पिपलानी भैरूंदा में अटैच।
शीला डावरे: मूल संस्था शाप्राशा पांगरीघाट कलेक्टर के आदेश पर 31 जुलाई 2024 से आश्रम शाला सनकोटा भैरूंदा में अटैच।
दिनेश बारेला: मूल संस्था शाप्राशि. पांगरी कलेक्टर के आदेश पर 31 जुलाई 2024 से बालक छात्रावास सीहोर में अटैच।
रामफूल ससत्या: मूल संस्था मा.शा. जीवनताल कलेक्टर के आदेश पर 31 जुलाई 2024 से आदिम जाति कल्याण विभाग बिलकिसगंज में अटैच।
अभिलाषा शर्मा: मूल संस्था शाप्राशा कोरकूपुरा, कलेक्टर के आदेश पर 27 जून 2024 से आदिम जाति कल्याण विभाग बिलकिसगंज में अटैच।
कुंजीलाल सूर्यवंशी: मूल संस्था माप्राशा तलैया विकासखण्ड भैरूंदा एसडीओ के आदेश पर तहसील निर्वाचन शाखा कार्यालय सीहोर में अटैच।
माखन यादव: मूल संस्था प्रा.शाला बंदझिरी खाण्डावड़ 13 दिसंबर 2024 से शाउमावि बुदनी में अटैच।
दिनेश अहिरवार: मूल संस्था शा उमावि बालक बकतरा 13 दिसंबर 2024 से विकास खंड बुदनी में अटैच।
निसार खान: मूल संस्था मा.शा. तिल्लौट 13 दिसंबर 2024 से संकुल केंद्र नांदनेर में अटैच।
नीलेश डेहरिया: मूल संस्था मा.शा. मरदानपुर 13 दिसंबर 2024 से संकुल केंद्र मरदानपुर में अटैच।
दिनेश अहिरवार: मूल संस्था मा.शा. जैत 13 दिसंबर 2024 से संकुल केंद्र डोबी बुदनी में अटैच।
राहुल चन्द्रवंशी: मूल संस्था प्रा. शाला गांजीत 13 दिसंबर 2024 से संकुल केंद्र बायां बुदनी में अटैच।
राकेश वर्मा: मूल संस्था मा.शा. निपानिया 13 दिसंबर 2024 से संकुल केंद्र दीवडिया इछावर में अटैच।
गोपालसिंह चन्द्र: मूल संस्था मा.शा. कथामंदा 13 दिसंबर 2024 से संकुल केंद्र धामंदा इछावर में अटैच।
लखनलाल केशरिया: मूल संस्था प्रा.शा. लसुडियाराम 13 दिसंबर 2024 से संकुल केंद्र भाउखेड़ी इछावर में अटैच।
विजय सिंह: मूल संस्था मा.शा. हरनावदा 13 दिसंबर 2024 से संकुल केंद्र कुरावर आष्टा में अटैच।
लाड़ सिंह मालवीय: मूल संस्था मा.शा. कादूखेड़ी 13 दिसंबर 2024 से संकुल केंद्र खामखेड़ा जत्रा आष्टा में अटैच।
कृष्णगोपाल विश्वकर्मा: मूल संस्था मा.शा. बालागांव 13 दिसंबर 2024 से संकुल केंद्र छीपानेर भैरूंदा में अटैच।
दयाराम यादव: मूल संस्था मा.शा. जामुनिया बजाप्त 13 दिसंबर 2024 से संकुल केंद्र चकल्दी भैरूंदा में अटैच।
अनिल कुमार भिलाला: मूल संस्था प्राशा मेंडोरा 13 दिसंबर 2024 से शा.हाई.से. स्कूल अहमदपुर में अटैच।
नितेश जायसवाल: मूल संस्था मा.शा. महुआखेड़ा 13 दिसंबर 2024 से संकुल केंद्र कन्या दोराहा में अटैच।
नवीन कुमार वैरागी: मूल संस्था शाप्राशा पठार 13 दिसंबर 2024 से हा.से. पीएमश्री श्यामपुर में अटै।
रघुनाथ सिंह मेवाड़ा: मूल संस्था शाप्राशा इंदिरानगर सीहोर 13 दिसंबर 2024 से संकुल केंद्र सुभाष सीहोर में अटैच।
सतीश गौर: मूल संस्था मा.शा. देवली 13 दिसंबर 2024 से संकुल सह समन्वयक हा.से. खण्डवा में अटैच।
सुरेश दुबे: मूल संस्था उमावि बा. रेहटी 13 दिसंबर 2024 से संकुल केंद्र रेहटी में अटैच शामिल हैं।

### मेंटेनेंस के नाम पर कटौती, फिर भी व्यवस्था फेल, आमजनता परेशान

# नलों से पानी गायब, टैंकर 500 में, विभागों का समन्वय नहीं, सप्लाई के समय कट रही बिजली





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नगरीय क्षेत्र में प्री-मानसून की बारिश के बावजूद गंभीर जलसंकट पैदा हो गया है। सरकारी विभागों के बीच समन्वय की कमी के कारण शहर की जल आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। आलम यह है कि जब नलों में पानी सप्लाई का समय होता है, तब बिजली गुल हो जाती है और बिजली आने पर पानी नहीं आता। पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे लोग अब 500 रुपए देकर निजी टैंकर मंगवाने को मजबूर हैं।

नगर पालिका प्रशासन ने शहर में एक दिन छोड़कर पानी सप्लाई करने का दावा किया था, जो पूरी तरह से खोखला साबित हुआ है। कागजों में भले ही नियमित जल आपूर्ति दर्ज की जा रही हो, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। नागरिक घंटों खाली बर्तन लेकर पानी का इंतजार करते हैं, लेकिन नलों से पानी नहीं आता।

बिजली और जल प्रदाय विभागों के बीच तालमेल के अभाव ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है। इस कुप्रबंधन के कारण शहरवासियों में प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश है।

### निजी टैंकर संचालकों की हुई चांदी, 500 रुपए तक वसूली

शहर में जलसंकट गहराने के कारण निजी पानी टैंकरों की मांग अचानक बढ़ गई है। इसका फायदा उठाते हुए निजी टैंकर संचालक मनमाने दाम वसूल रहे हैं और आम जनता को एक टैंकर पानी के लिए 500 रुपए तक चुकाने पड़ रहे हैं। पानी खरीदकर पीने की मजबूरी ने आम जनता पर आर्थिक बोझ काफी बढ़ा दिया है। लोगों का कहना है कि प्रशासन की नाकामी का सीधा खामियाजा उनकी जेब पर पड़ रहा है।

### मेंटेनेंस के नाम पर कटौती, फिर भी व्यवस्था फेल

बिजली कंपनी की कार्यप्रणाली पर भी नागरिक गंभीर सवाल उठा रहे हैं। लोगों का आरोप है कि हर साल मानसून से पहले 'रखरखाव' (मेंटेनेंस) के नाम पर घंटों अघोषित बिजली कटौती की जाती है। इसके बावजूद, पहली बारिश होते ही शहर की बिजली व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई। बिजली और जल प्रदाय विभाग के बीच तालमेल न होना प्रशासनिक स्तर पर एक बड़ी विफलता साबित हो रहा है। लगातार पानी और बिजली की समस्या झेल रहे नागरिकों के सब्र का बांध अब टूटने लगा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस गंभीर संकट का तत्काल और स्थायी समाधान निकाला जाए। नागरिकों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही जल आपूर्ति और बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो आम जनता सड़कों पर उतरकर उग्र प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगी।

# पीछे से आए ट्रैक्टर-ट्रॉली ने दूसरे वाहन में टक्कर मारी, मकान की तरफ बढ़ा, रास्ते में खंभे से टकराकर रुका, बड़ा हादसा टला

**सीहोर।** जिले के इछावर क्षेत्र में रेत माफिया की मनमानी के कारण सड़कों पर खतरा बढ़ गया है। हाल ही में, रेत से भरी एक अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली ने स्टेट हाईवे पर खड़ी एक अन्य ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली अपने आप स्टार्ट हो गई और बिना ड्राइवर के ही आगे बढ़ने लगी। यह ट्रैक्टर सीधे सामने स्थित एक रिहायशी मकान की ओर तेजी से बढ़ा।



गनीमत रही कि मकान में घुसने से ठीक पहले ट्रैक्टर एक बिजली के खंभे से टकराकर रुक गया। यदि यह खंभा बीच में न होता, तो ट्रैक्टर सीधे मकान की दीवारें तोड़कर अंदर घुस जाता, जिससे बड़ा हादसा हो सकता था।

यह इछावर में रेत माफिया से जुड़ी पहली घटना नहीं है। नगर के घनी आबादी वाले इलाकों और भीड़भाड़ वाले बाजारों से रेत से भरे डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉली अक्सर तेज रफ्तार से गुजरते हैं। नियमानुसार आबादी वाले क्षेत्रों में वाहनों की गति धीमी होनी चाहिए, लेकिन इन ड्राइवरों द्वारा नियमों का पालन नहीं किया जाता। इसी तेज रफ्तार के कारण इछावर में पहले भी कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। स्थानीय निवासियों में इस घटना के बाद प्रशासन और रेत माफिया के कथित गठजोड़ को लेकर रोष है।

लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही इन अवैध और तेज रफ्तार वाहनों के शहर में प्रवेश पर रोक नहीं लगाई गई या इनकी गति पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो इछावर की जनता आंदोलन करने पर मजबूर होगी। प्रशासन पर सवाल उठ रहे हैं कि इस स्थिति पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है।

### कॉलेज की फीस दो किस्तों में जमा कर सकते हैं विद्यार्थी

**सीहोर।** सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के प्राचार्य डॉ रोहिताश्व कुमार शर्मा ने शैक्षणिक सत्र 2026-2027 में कॉलेज में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं का शिक्षण शुल्क दो किस्तों में जमा कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि छात्र-छात्राओं पर आर्थिक बोझ न पड़े। उन्होंने बताया कि एमपी ऑनलाइन काउंटर्स पर विद्यार्थियों को आनलाइन माध्यम से एक साथ पूर्ण शुल्क जमा करने के लिये कहा जा रहा है, जिससे विद्यार्थी असमंजस में पड़ रहे हैं। विद्यार्थी दो किस्तों में अपनी फीस जमा कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### आज वृद्धजन दुर्व्यवहार रोकथाम जागरुकता दिवस पर कार्यक्रम होगा

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सीहोर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ वृद्धजन दुर्व्यवहार रोकथाम जागरूकता दिवस के अवसर पर 14 एवं 15 जून को सैकड़ा खेड़ी वृद्ध आश्रम, सीहोर में दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सीहोर कलेक्टर बालागुरु के के निर्देश पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सीहोर के तत्वाधान में दो दिवसीय आयोजन संकल्प वृद्धाश्रम केन्द्र के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम के पहले दिन रविवार को सुबह ग्यारह बजे कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी। संकल्प वृद्धाश्रम के संचालक राहुल सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान, सुरक्षा एवं उनके अधिकारों के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना तथा वृद्धजन दुर्व्यवहार की रोकथाम के लिए जनसहभागिता को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सामाजिक संरक्षण से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम का समापन 15 जून को प्रातः 11:00 बजे आयोजित समापन समारोह के साथ होगा। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों एवं आमजन की सहभागिता अपेक्षित है।

### खरीफ फसल की बोवनी का सीजन शुरू, किसानों को इस दौरान डीजल की है जरूरत, पंपों पर अन्नदाता हो रहा परेशान

# सरेआम उड़ी नियमों की धज्जियां: कुप्पों में डीजल लेने लगी लंबी कतार, नहीं दिखा प्रशासन का भय

अभी तक तो रात के अंधेरे में चुपके-चुपके डीजल कुप्पों दिया जा रहा था। लेकिन माँ रेवा फ्यूल स्टेशन के हौसले इतने बुलंद हैं कि यहाँ रात की तो बात छोड़िए, शनिवार के दिन के उजाले में भी नियमों की धज्जियाँ उड़ाई जाती रहीं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





सरकार के द्वारा बनाए गए नियमों का पालन करना आम नागरिक एवं छोटे तबके के व्यापारियों के लिए अनिवार्य है। लेकिन बड़े व्यापारियों और कंपनियों को नियमों के मामले में खुली छूट मिलती है। इन व्यापारियों पर प्रशासन की कोई भी कार्रवाई नहीं होती है। लेकिन यदि इसके विपरीत छोटे तबके का व्यापारी नियमों का थोड़ा सा भी उल्लंघन कर दे तो उसे पर प्रशासन की तलवार लटक जाती है। पेट्रोलियम कंपनियों के स्पष्ट निर्देश है की डीजल एवं पेट्रोल कुप्पों में ना दिया जाए।

कलेक्टर ने भी इस मामले में निर्देश जारी किए हैं। इजरायल-ईरान और अमेरिका के बीच हो रहे युद्ध का सीधा असर कच्चे माल की आपूर्ति पर पड़ा है। इसलिए डीजल पेट्रोल एक संतुलित मात्रा में देने के निर्देश दिए गए थे। वैसे पेट्रोलियम कंपनी एवं जिला कलेक्टर के निर्देश है कि किसी भी सूरत में कुप्पों डीजल पेट्रोल ना दिया जाए। लेकिन भैरूंदा शहर में नजारा कुछ अलग ही देखने को मिल रहा है। अभी तक तो रात के अंधेरे में चुपके-चुपके डीजल कुप्पों दिया जा रहा था। लेकिन माँ रेवा फ्यूल स्टेशन के हौसले इतने बुलंद हैं कि यहाँ रात की तो बात छोड़िए, शनिवार के दिन के उजाले में भी नियमों की धज्जियाँ उड़ाई जाती रहीं। सुबह होते ही पेट्रोल पंप पर डीजल खरीदने वालों की लंबी कतारें लग गईं। हैरान करने वाली बात यह है कि यह कतारें वाहनों की नहीं, बल्कि उन सैकड़ों खाली कुप्पों और प्लास्टिक के डिब्बों की थी, जिन्हें भरकर डीजल ले जाने का सिलसिला दिन भर चलता रहा।

#### सघन बस्ती के बीच बारूद के ढेर पर शहर

पेट्रोल पंप की भौगोलिक स्थिति को समझा जाये तो इसके चारों ओर आबादी वाली बस्ती हैं। पेट्रोल-डीजल जैसे अत्यंत ज्वलनशील पदार्थों का भंडारण और इस प्रकार खुलेआम वितरण किसी बड़े हादसे को आमंत्रण देने जैसा है। यदि यहाँ कोई चिंगारी भी उठती है तो आग पर काबू पाना तो दूर पास की बस्ती में तबाही मचाने के लिए चंद मिनट ही पर्याप्त होंगे। एक नहीं बल्कि सैकड़ों कुप्पों में डीजल का स्टॉक करना, उसे वाहनों में लादकर रिहायशी इलाकों की ओर ले जाना—यह सब कुछ एक 'बम' के मुहाने पर बैठने जैसा है। यदि कोई अनहोनी होती है, तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। क्या पेट्रोल पंप संचालक की जेब भरी जाएगी और जान जनता की जाएगी।

कलेक्टर द्वारा समय-समय पर स्पष्ट निर्देश जारी किए जाते रहे हैं कि सुरक्षा कारणों से खुले में या बिना उचित सुरक्षा प्रबंधों के कुप्पों में ज्वलनशील पदार्थ जैसे डीजल-पेट्रोल की बिक्री करना सख्त वर्जित है। बावजूद इसके इन आदेशों को रद्दी की टोकरी में डाल दिया है। प्रशासन के अधिकारी शायद इसी शहर में कहीं तैनात हैं वह भी इस रास्ते से गुजरते होंगे, लेकिन इस पेट्रोल पंप पर मची अफरा-तफरी और सैकड़ों की संख्या में रखे गए डीजल के कुप्पों ने किसी का ध्यान नहीं खींचा।

#### खरीफ की बुवाई का समय और किसानों की मजबूरी का फायदा

स्थानीय लोगों की मानें तो खरीफ फसल की बुवाई का सीजन शुरू होने वाला है। इस दौरान किसानों को डीजल की आवश्यकता होती है। इसी मांग को भुनाते हुए पेट्रोल पंप संचालक ने अपनी मनमानी शुरू कर दी है। किसान अपनी मजबूरी के चलते बड़ी मात्रा में डीजल का स्टॉक घरों में कर रहे हैं। घरों में डीजल का भारी मात्रा में भंडारण करना आग के खतरे को कई गुना बढ़ा देता है। पेट्रोल पंप संचालक को यह पता है कि इस वक्त डीजल की डिमांड अधिक है, इसलिए वह नियमों की परवाह किए बिना मुनाफाखोरी में लिप्त है। हैरानी इस बात की है कि पेट्रोल पंप संचालक को प्रशासन की किसी भी कार्यवाही का कोई डर नहीं है। शहर में स्थित होने के कारण यहाँ से लगातार प्रशासनिक अधिकारियों का आवागमन बना रहता है। इसके बावजूद, खुलेआम डीजल वितरण का यह काला कारोबार बदस्तूर जारी है। पंप पर लगी भीड़ और कुप्पों की कतारें इस बात का प्रमाण हैं कि संचालक को कानून का कोई भय नहीं है। क्या यह किसी राजनीतिक संरक्षण का नतीजा है, या फिर यह 'मिलीभगत' का उदाहरण है।

खाद्य विभाग के कनिष्ठ अधिकारी प्रकाश सिंह यादव ने बताया कि उनके जल्द ही जांच की जाएंगी, फ़िलहाल उनके पास बुधनी व भैरुंदा दो तहसील का कार्यभार सौंप रखा है, बुधनी कार्यालय पर है।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत नगर से 39 श्रद्धालु यात्रा पर रवाना

**सीहोर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत शनिवार को सीहोर नगर के 39 श्रद्धालु माता वैष्णो देवी के दर्शन हेतु रवाना हुए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने सभी श्रद्धालुओं का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उनकी सुखद एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं। श्रद्धालु 18 जून को दर्शन उपरांत वापस सीहोर लौटेंगे।



इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना वरिष्ठ नागरिकों एवं श्रद्धालुओं के लिए एक अत्यंत जनकल्याणकारी योजना है।

इस योजना के माध्यम से ऐसे लोग भी देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन कर पा रहे हैं, जिनकी वर्षों से यह इच्छा थी। प्रदेश सरकार आमजन की आस्था और धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए निरंतर जनहितकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। उन्होंने सभी यात्रियों की सुरक्षित यात्रा एवं माता रानी से सभी के सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं एवं उनके परिजनों में विशेष उत्साह देखने को मिला। सभी ने प्रदेश सरकार एवं नगर पालिका परिषद का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर पार्षद अर्जुन राठौर,राजेश माझी आशीष गहलोत नरेंद्र राजपूत कमलेश राठौर कमलेश कुशवाहा एवं नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## गहरी नींद में सोए गैस एजेंसी संचालक की जेब से 10 हजार नगदी और मोबाइल चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

नगर की हरि सिटी कॉलोनी स्थित एक गैस एजेंसी कार्यालय में दिनदहाड़े चोरी की घटना सामने आई है। गैस एजेंसी संचालक की गहरी नींद का फायदा उठाकर अज्ञात चोर ने उनकी जेब से 10 हजार रुपए नकद और करीब 30 हजार रुपए कीमत का मोबाइल फोन चोरी कर लिया। घटना को लेकर पुलिस थाना भैरुंदा में आवेदन दिया गया है।


जानकारी के अनुसार, गो गैस एजेंसी के संचालक सपनेश यादव निवासी अतरालिया शनिवार दोपहर करीब 2 बजे अपने कार्यालय में ग्राहकी नहीं होने के कारण सो गए थे। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने ऑफिस में घुसकर उनकी शर्ट की जेब में रखे 10 हजार रुपए निकाल लिए। साथ ही सिरहाने रखे विवो कंपनी के मोबाइल फोन पर भी हाथ साफ कर दिया।

संचालक ने बताया कि चोरी गया मोबाइल फोन उनके व्यापार के लिए बेहद महत्वपूर्ण था, क्योंकि उनका अधिकतर काम मोबाइल के माध्यम से ही संचालित होता था। घटना के बाद जब वे जागे तो नगदी और मोबाइल गायब मिला, जिसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

पीड़ित ने थाना प्रभारी को आवेदन सौंपकर जल्द से जल्द आरोपी की गिरफ्तारी और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## रसोइयों को दिया गया प्रशिक्षण: स्वच्छता, गुणवत्ता और सुरक्षा पर दिया विशेष जोर

**भैरूंदा।** जन शिक्षा केंद्र स्तर पर शनिवार को रसोइयों के लिए मध्यान्ह भोजन संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण जन शिक्षा केंद्र बाला गांव, वासुदेव और गोपालपुर में संपन्न हुआ, जिसमें संबंधित केंद्रों के अंतर्गत आने वाले सभी रसोइयों ने भाग लिया।




प्रशिक्षण में बीआरसीसी विजय सिंह पवार, मध्यान्ह भोजन प्रभारी भीम सिंह कीर, बीएसी विजय कुमार बजाज, दिनेश शर्मा सहित जन शिक्षक तरुण राज चौहान, महेश सिंह राजपूत, राजेश गौड़ और जीवन सिंह मेहरा उपस्थित रहे। सभी ने रसोइयों को भोजन निर्माण से जुड़ी आवश्यक सावधानियों और नियमों की विस्तार से जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दौरान सबसे पहले रसोई में साफ-सफाई और व्यक्तिगत स्वच्छता पर विशेष जोर दिया गया। रसोइयों को बताया गया कि वे स्वच्छ वेशभूषा में रहें और यदि किसी प्रकार का संक्रमण हो तो उस स्थिति में भोजन न बनाएं। किचन और बर्तनों की नियमित सफाई, मक्खी-मच्छर से मुक्त वातावरण बनाए रखना और फर्श की स्वच्छता बनाए रखना जरूरी बताया गया।

खाद्य सामग्री की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही गई। प्रशिक्षकों ने निर्देश दिए कि केवल पैक बंद और मानक चिन्ह (मार्क) वाली सामग्री का ही उपयोग करें। राशन को सूखे और सुरक्षित स्थान पर ही रखा जाए तथा हरी सब्जियों को साफ पानी से अच्छी तरह धोकर उपयोग में लिया जाए। रसोइयों को साप्ताहिक मेन्यू के अनुसार भोजन बनाने और बच्चों को संतुलित आहार देने की जानकारी दी गई, जिसमें दाल, चावल और हरी सब्जियों का समुचित समावेश हो। साथ ही स्कूल परिसर में किचन गार्डन विकसित करने पर भी जोर दिया गया, ताकि बच्चों को ताजी सब्जियां मिल सकें। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गैस चूल्हे का उपयोग करने और उसकी नियमित जांच कराने के निर्देश दिए गए। किचन में अग्निशामक यंत्र रखने और दुर्घटनाओं से बचाव के उपाय भी बताए गए। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि बच्चों को भोजन परोसने से पहले एमसी सदस्य या पालक द्वारा भोजन की जांच की जाए और बच्चे हाथ धोकर ही भोजन करें। रसोइयों को बच्चों के साथ सौम्य व्यवहार रखने और उनकी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए।

### चर्च मैदान पर जारी है जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता



**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर हर साल की तरह इस साल भी स्वर्गीय कैलाश सारंग के स्मृति में दूसरे वर्ष भी जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन सीहोर के चर्च ग्राउंड पर किया जा रहा है प्रतियोगिता के आठवें दिन लीग मैच आयोजित किया जा रहे हैं आज दो मैच खेले गए पहला मैच जूनियर वर्ग में डी एस वाई डब्लू विरुद्ध सीहोर क्लब के मध्य खेला गया जिसमें सीहोर क्लब 2-1 से विजय रही सीहोर क्लब की तरफ से पुष्प ने एक गोल किया राजवीर ने एक गोल किया डी एस वाई डब्लू की तरफ से पियूष ने एक गोल किया। सीनियर वर्ग में आर एस आई विरुद्ध सीहोर चिल्ड्रन के मध्य खेला गया जिसमें सीहोर चिल्ड्रन 3-2 से विजय रही सीहोर चिल्ड्रन की तरफ से राज ने एक गोल किया अराफात ने एक गोल किया समर्थ ने एक गोल किया आर एस आई की तरफ से अथर्व ने एक गोल किया कुशाग्र ने एक गोल किया। प्रतियोगिता में कल दो मैच खेले जाएंगे जिसमें पहला मैच जूनियर वर्ग सीहोर बॉयज विरुद्ध आर एस आई के मध्य खेला जाएगा सीनियर वर्ग में डी एस वाई डब्लू विरुद्ध विरुद्ध एम जी क्लब के मध्य खेला जाएगास्वर्गीय कैलाश सारंग जी के स्मृति में दूसरे वर्ष भी जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन सीहोर के चर्च ग्राउंड पर किया जा रहा है प्रतियोगिता के आठवें दिन लीग मैच आयोजित किया जा रहे हैं आज दो मैच खेले गए पहला मैच जूनियर वर्ग में डी एस वाई डब्लू विरुद्ध सीहोर क्लब के मध्य खेला गया जिसमें सीहोर क्लब 2-1 से विजय रही सीहोर क्लब की तरफ से पुष्प ने एक गोल किया राजवीर ने एक गोल किया डी एस वाई डब्लू की तरफ से पियूष ने एक गोल किया। सीनियर वर्ग में आर एस आई विरुद्ध सीहोर चिल्ड्रन के मध्य खेला गया जिसमें सीहोर चिल्ड्रन 3-2 से विजय रही सीहोर चिल्ड्रन की तरफ से राज ने एक गोल किया अराफात ने एक गोल किया समर्थ ने एक गोल किया आर एस आई की तरफ से अथर्व ने एक गोल किया कुशाग्र ने एक गोल किया।

### हायर सेकंडरी द्वितीय परीक्षा में बेटियों ने मारी बाजी

**सीहोर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश की हायर सेकंडरी द्वितीय परीक्षा वर्ष-2026 का नियमित एवं स्वाध्यायी विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम शुक्रवार को शाम 4 बजे घोषित कर दिया गया। इसमें बेटियों ने बाजी मारी है। इस परीक्षा में 62.31 प्रतिशत नियमित छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं , जबकि 57.36 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। विद्यार्थी परीक्षा परिणाम मंडल की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं। हायर सेकंडरी की द्वितीय परीक्षा में प्रदेश से 1 लाख 42 हजार 468 नियमित विद्यार्थियों ने फॉर्म भरा था। इसमें से 1 लाख 42 हजार 467 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। शुक्रवार 12 जून को घोषित हुए परीक्षा परिणाम में 84 हजार 871 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। हायर सेकंडरी की द्वितीय परीक्षा में 33 हजार 334 स्वाध्यायी विद्यार्थियों ने फॉर्म भरा था। परीक्षा में 33 हजार 315 विद्यार्थी शामिल हुए थे। इनमें 14 हजार 24 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। स्वाध्यायी विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम 42.10 प्रतिशत है। इसमें बेटियों के पास होने का प्रतिशत 44.7 है, जबकि छात्रों के उत्तीर्ण होने का प्रतिशत 40.53 हैं।

### 3 क्विंटल से अधिक मावे की बर्फी का भोग लगाकर किया वितरण

# कुबेरेश्वरधाम पर पुरुषोत्तम मास शिवरात्रि के दर्शन करने बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम पर पुरुषोत्तम मास शिवरात्रि के पावन अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सुबह भगवान शिव का विशेष अभिषेक किया, इसके अलावा यहां पर स्थित बाबा की पवित्र शिला पर एक लोट जल अर्पित किया। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के निर्देश पर विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला ने यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को तीन क्विंटल से अधिक मावे की बर्फी का भोग लगाकर भोजन प्रसादी के साथ वितरण किया। शनिवार को दाल, रोटी, सब्जी के साथ 30 क्विंटल से अधिक खिचड़ी का भोग भी लगाया गया था।



अधिकमास चल रहा है और शनिवार को करीब 60 हजार से अधिक श्रद्धालु शिवरात्रि के पावन अवसर पर धाम पर पहुंचे थे। इस मौके पर यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं ने परिसर में स्थित मुरली मनोहर मंदिर में भगवान शिव-माता पार्वती, भगवान राम और सीता के अलावा भगवान श्रीकृष्ण और राधा की प्रतिमा के दर्शन किए। 50 किलो फुल से मंदिर में विशेष श्रृंगार किया गया था। यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं ने सुबह आस्था और उत्साह के साथ पूजन-अर्चना की और शाम को भजन कीर्तन का आयोजन किया।

#### प्रसिद्ध भजन गायक कीर्तिदान गढ़वी भजन संध्या 16 को

विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि आगामी 16 जून को अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा का जन्मोत्सव आस्था के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर देश और विदेश में अपनी भजन से श्रद्धालुओं को आकर्षित करने वाले प्रसिद्ध भजन गायक कीर्तिदान गढ़वी के द्वारा रात्रि सात बजे कुबेरेश्वरधाम पर अपने भजनों की प्रस्तुति देंगे। मंत्रमुग्ध कर देने वाले भजनों के लिए जाने जाते हैं। उनकी भजन संध्या में शिव महिमा, कृष्ण भक्ति और पारंपरिक लोक संगीत का अद्भुत संगम देखने को मिलता है।

#### अधिकमास पर प्रतिदिन आ रहे हजारों की संख्या में शिव भक्त

विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य के द्वारा यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मंदिर में स्थित आधुनिक भोजनशाला से भोजन प्रसादी की निशुल्क व्यवस्था की गई है। इसके अलावा गर्मी को देखते हुए दोपहर में शीतल पेय आदि की व्यवस्था की जाती है। प्रतिदिन यहां पर रुद्राक्ष का वितरण किया जा रहा है।

## पेट्रोल पंप संचालकों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पेट्रोल पम्प संचालकों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर जसवीर सिंह खनूजा बीडीएस फ्यूल संचालक के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा, जिसमें बताया गया कि इछावर थाना क्षेत्र के लख्मीचंद पेट्रोल पंप पर दिनांक 08 जून 2026 की रात को आरोपी गोलू वर्मा निवासी ग्राम नीलकण्ठ भैरूंदा और उसके साथियों द्वारा पेट्रोल पंप स्टाफ महेन्द्र ठाकुर पर चाकू से प्राणघातक हमला किया गया। इस संबंध में इछावर थाने में भारतीय न्याय संहिता, 2023 की विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत मामला भी दर्ज किया गया है।



इस घटना से पूरे क्षेत्र के व्यापारियों और पेट्रोल पंप संचालकों में गहरा रोष और आसुरक्षा की भावना व्याप्त है। जनता को निर्बाध रूप से आवश्यक सेवाएं देने वाले केंद्रों पर यदि कर्मचारी ही सुरक्षित नहीं रहेंगे, तो भविष्य में इन सेवाओं को जारी रख पाना बेहद कठिन होगा। पुलिस प्रशासन से मांग की गई है कि उक्त प्रकरण के मुख्य आरोपी गोलू वर्मा तथा उसके साथ आए अन्य अज्ञात बदमाशों को अविलंब गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कठोरतम दंडात्मक कार्रवाई की जाए। सीहोर जिले के मुख्य मार्गों तथा पेट्रोल पंपों के आसपास पुलिस की रात्रि गश्त (नाईट पेट्रोलिंग) को अनिवार्य रूप से बढ़ाया जाए जिससे अपराधियों में खौफ पैदा हो सके।

इसके साथ ही आशा व्यक्त की गई है कि पुलिस प्रशासन व्यापारियों के हितों की रक्षा करते हुए कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए त्वरित कदम उठाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से पाटीदार फ्यूल्स, एमएच फ्यूल्स, प्रज्ञा फ्यूल्स, पटेल फिलिंग स्टेशन, बीडीएस फ्यूल्स, जगदीश फ्यूल्स, महेंद्र सिंह फिलिंग स्टेशन, राजा फ्यूल्स, ताहिर फ्यूल्स, त्रिमूर्ति फ्यूल्स, जाट ऑटो सर्विस, शिवा फ्युल्स, यादव फ्यूल्स सहित सीहोर जिले के सीहोर जिले के समस्त भारत पैट्रोलियम डीलर शामिल थे।

# कुरावर-श्यामपुर रेलखंड का निरीक्षण, जनवरी 2027 से भोपाल-कोटा रेल यात्रा की उम्मीद

## डीआरएम पंकज त्यागी बोले : शेष कार्य दिसंबर तक पूरा होने की संभावना, क्षेत्र में खुशी की लहर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

वर्षों से रेल सेवा की प्रतीक्षा कर रहे क्षेत्रवासियों के लिए गुरुवार का दिन उत्साह और उम्मीद लेकर आया। पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल के डीआरएम पंकज त्यागी ने विशेष निरीक्षण ट्रेन से कुरावर से श्यामपुर रेलखंड का भौतिक सत्यापन किया। निरीक्षण के दौरान रेलवे ट्रैक, सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया। डीआरएम पंकज त्यागी ने बताया कि कुरावर से श्यामपुर के बीच रेलवे ट्रैक का भौतिक सत्यापन किया गया है तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। जहां-जहां कार्य शेष है, वहां तेजी से काम जारी है और संभावना है कि 31 दिसंबर 2026 तक सभी लंबित कार्य पूर्ण कर लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरा हो जाता है तो जनवरी 2027 तक भोपाल से कोटा के बीच रेल कनेक्टिविटी प्रारंभ होने की उम्मीद है, जिससे इस मार्ग पर नियमित ट्रेन संचालन शुरू हो सकेगा।

### निरीक्षण के लिए पहुंची विशेष डीजल इंजन युक्त ट्रेन

कुरावर रेलवे स्टेशन पर निरीक्षण के लिए पहुंची विशेष डीजल इंजन युक्त ट्रेन को देखने के लिए कुरावर रेलवे स्टेशन पर बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े। नगर सहित आसपास के गांवों से आए महिला-पुरुष, युवा और बच्चों ने ट्रेन को नजदीक से देखा और वर्षों पुराने रेल संपर्क के सपने को साकार होता महसूस किया। स्टेशन परिसर में दिनभर उत्सव जैसा माहौल बना रहा और लोगों ने ट्रेन के साथ फोटो एवं वीडियो भी बनाए। रेलवे अधिकारियों ने ट्रैक की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों और अन्य तकनीकी व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया। हालांकि इलेक्ट्रिक ट्रेनों के संचालन के लिए आवश्यक ओवरहेड विद्युत लाइन सहित कुछ तकनीकी कार्य अभी शेष हैं, जिन्हें निर्धारित समय में पूरा करने की दिशा में कार्य जारी है। क्षेत्रवासियों का मानना है कि रेल सेवा शुरू होने से कुरावर और आसपास के क्षेत्रों के विकास को नई गति मिलेगी। व्यापार, शिक्षा, रोजगार और आवागमन की सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा तथा क्षेत्र का सीधा संपर्क भोपाल, कोटा सहित अन्य प्रमुख शहरों से स्थापित हो सकेगा। डीआरएम के बयान के बाद क्षेत्र में रेल परियोजना को लेकर नई उम्मीद जगी है। लंबे समय से प्रतीक्षित यह रेल लाइन अब अपने अंतिम चरण में पहुंचती दिखाई दे रही है और लोगों को जनवरी 2027 में ट्रेन की सीटी सुनाई देने का बेसब्री से इंतजार है।

### 13 किमी लंबे रेलखंड का किया निरीक्षण

*डीआरएम त्यागी ने बताया कि किसी भी नई रेल लाइन या नए सेक्शन के संचालन से पहले कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी (सीआरएस) द्वारा निरीक्षण किया जाता है। सीआरएस ट्रैक, सुरक्षा मानकों और अन्य तकनीकी व्यवस्थाओं की जांच कर उसकी फिटनेस का परीक्षण करते हैं। निरीक्षण के बाद रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है, जिसके आधार पर ट्रैक पर ट्रेन संचालन की अनुमति प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को लगभग 13 किलोमीटर लंबे कुरावर-श्यामपुर रेलखंड का सीआरएस निरीक्षण किया गया है। कुरावर से लेकर रामगंजमंडी तक पूरे रेल मार्ग को जोड़ने का लक्ष्य वर्तमान वित्तीय वर्ष के भीतर पूरा करने का है। उम्मीद है कि 31 दिसंबर 2026 तक सभी शेष कार्य पूरे कर लिए जाएंगे। यदि कार्य निर्धारित समय में पूर्ण हो जाता है तो जनवरी 2027 से भोपाल-कोटा रेल कनेक्टिविटी शुरू होने की पूरी संभावना है।*

## परिजनों ने किया जमकर हंगामा

# आम के पेड़ पर फंदे से लटका मिला 50 वर्षीय व्यक्ति का शव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

थाना क्षेत्र के ग्राम पाटन खुर्द में शुक्रवार को 50 वर्षीय व्यक्ति का शव उसके ही खेत में आम के पेड़ पर फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस अनुसार मृतक की पहचान बीरम पिता परति सिंह (50 वर्ष) निवासी पाटन खुर्द के रूप में हुई है। ग्रामीणों द्वारा सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई की शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए खुजनेर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। पोस्टमार्टम कक्ष के बाहर परिजनों ने हंगामा करते हुए आरोप लगाया कि गांव में कुएं से पानी भरने को लेकर कुछ लोगों से पुराना विवाद चल रहा था। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मौके पर पहुंचे एसडीओपी अरविंद सिंह राठौड़, नायब तहसीलदार विनय रजक छापीहेड़ा थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती एवं खुजनेर थाना प्रभारी रवि ठाकुर द्वारा परिजनों को समझाइश दी। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर दोषियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। आश्वासन के बाद परिजन शांत हुए जिसके बाद मृतक का पोस्टमार्टम करवाया शव परिजनों को सौंप दिया गया फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# अमृत हरित महाअभियान के तहत नगर पालिका परिसर में पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

अमृत हरित महाअभियान एक पेड़ मां के नाम मिशन के अंतर्गत नगर पालिका परिसर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक रानवे के नेतृत्व में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र का विस्तार तथा जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर नगर पालिका परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए तथा उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया गया।

इस दौरान पार्षद कुलदीप राठौर ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते पर्यावरणीय संकट और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण आवश्यक है। पौधे न केवल वातावरण को शुद्ध बनाते हैं, बल्कि भू-जल स्तर को बनाए रखने और प्राकृतिक संतुलन को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में आर आई सूर्य प्रकाश झाला,राज कुमार गिरजे,रशीद मेव,समंदर सिंह सहित नगर निकाय के समस्त पार्षदगण, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। सभी उपस्थितजनों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए नियमित रूप से पौधारोपण करने तथा लगाए गए पौधों की देखभाल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ, हरित नगर के निर्माण के संदेश के साथ हुआ। अधिकारियों ने नागरिकों से भी अपील की कि वे ष्एक पेड़ मां के नामष अभियान से जुड़कर अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनके संरक्षण में सहयोग करें।



# आरोग्य भारती की बैठक सम्पन्न

**सारंगपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को आरोग्य भारती जिला ब्यावरा की स्थानीय इकाई सारंगपुर द्वारा योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में गुरुवार शाम सिविल अस्पताल के मीटिंग हॉल में बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन के साथ हुआ।बैठक में निर्णय लिया गया कि योग दिवस का आयोजन 21 जून 2026 को प्रातः 7.30 बजे सुदर्शन कॉलोनी स्थित माता मंदिर परिसर में किया जाएगा। कार्यक्रम के लिए सेवानिवृत्त शिक्षक जगदीश कुंभकार को योग शिक्षक नियुक्त किया गया। बीएमओ डॉ. मनीष चौहान ने बताया कि योग दिवस का उद्देश्य योग के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य लाभों के प्रति लोगों को जागरूक करना है।

आरोग्य भारती के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण त्रिकार ने कहा कि योग दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली और रोग प्रतिषेध का प्रभावी माध्यम है। संस्था संरक्षक नंदकिशोर सोनी ने नगर के वरिष्ठजनों एवं युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। बैठक में डॉ. रामप्रसाद आर्य, पं. सत्यनारायण शर्मा, डॉ. नितेश मिश्रा, विजय सिंह चौहान सहित अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरुक

# दो दिवसीय नशा मुक्ति एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय, सारंगपुर में दो दिवसीय "नशा मुक्ति एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम" आयोजित किया गया।

कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता खोईया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जिसमें प्रथम दिवस पर "नशा मुक्ति और मानसिक स्वास्थ्य" विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. दिनेश मालवीय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि नशे की लत व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक जीवन पर गंभीर दुष्प्रभाव डालती है। उन्होंने तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया। व्याख्यान के बाद विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। वही द्वितीय दिवस पर भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने "नशा मुक्त भारत रू युवा शक्ति की जिम्मेदारी", "मानसिक स्वास्थ्य और स्वस्थ समाज" तथा "नशे के दुष्परिणाम" जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने नशे के सामाजिक, आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी प्रभावों पर सारगर्भित चर्चा की। इस दौरान एनएसएस प्रभारी डॉ. अरुणा सोलंकी एवं युथ रेडक्रॉस प्रभारी धर्मेंद्र कुमार खैरवार ने भी विद्यार्थियों को नशा मुक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ. विमल लोदवाल सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पेंशनर्स की लंबित प्रमुख मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, प्रदर्शन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



मध्य प्रदेश प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन शाखा सारंगपुर द्वारा प्रदेश के लगभग 5 लाख पेंशनरों की लंबित एवं न्यायोचित मांगों के समर्थन में स्थानीय साई मंदिर परिसर में बैठक एवं धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पेंशनर मणिशंकर पाटीदार ने की। धरना प्रदर्शन के पश्चात पेंशनरों ने रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्होरे को ज्ञापन सौंपा। रैली का नेतृत्व प्रांतीय सचिव एवं शाखा अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण त्रिकार ने किया। उन्होंने बताया कि पेंशनर्स की प्रमुख 6 सूत्रीय मांगों में मध्य प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49(6) को समाप्त करना, छठवें एवं सातवें वेतनमान का 32 एवं 27 माह का लंबित एरियर न्यायालय के आदेशानुसार 6 प्रतिशत ब्याज सहित देना तथा 80 वर्ष के स्थान पर 79 वर्ष पूर्ण होने पर अतिरिक्त 20 प्रतिशत पेंशन लाभ प्रदान करना शामिल है।

इस दौरान त्रिकार ने कहा कि पेंशनर्स ने शासकीय सेवा के दौरान पूरी निष्ठा एवं अनुशासन से कार्य किया है और आगे भी अपने आंदोलन को शांतिपूर्ण एवं मर्यादित ढंग से जारी रखेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं होने पर 30 जून को जिला स्तर एवं 22 जुलाई को भोपाल में प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण प्रेमी विष्णु प्रसाद जोशी की पत्नी दिवंगत चित्रा देवी जोशी को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संचालन पं. सत्यनारायण शर्मा ने किया तथा आभार भेरूलाल मालवीय ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पेंशनर्स एवं महिला सदस्यों की उपस्थिति रही।

### कथा में मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, थिरके श्रद्धालु

**विदिशा।** रिनिया गांव में स्थित भैरों महाराज मंदिर परिसर में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। कथाव्यास पंडित अरविंद कृष्ण शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि कृष्ण जन्म केवल एक धार्मिक घटना नहीं, बल्कि जीवन में सत्य, प्रेम और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। भजन-कीर्तन, झांकियों और विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं युवा श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जमीन की नपती के दौरान खूनी संघर्ष, दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे, कई घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



करारिया थाना क्षेत्र के ग्राम सुगनाखेड़ी में जमीन की नपती के दौरान दो पक्षों के बीच विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। पटवारी और चौकीदार की मौजूदगी में हुई इस घटना में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। घायलों ने पुलिस पर रिपोर्ट दर्ज नहीं करने का आरोप लगाया है। राधेश्याम मीणा, हरि मीणा और वीरेंद्र मीणा अपनी भूमि की नपती करा रहे थे।

इसी दौरान दूसरे पक्ष के जवाहर सिंह, मंसाराम, विवेक, गुलाब सिंह गौतम सहित अन्य लोग मौके पर पहुंच गए और नपती का विरोध करने लगे। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो बाद में हिंसक झड़प में बदल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद घायलों को तत्काल जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां इमरजेंसी वार्ड में उनका उपचार जारी है। कुछ घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि गंभीर रूप से घायल लोगों के सिर और शरीर पर टांके लगाने पड़े। घायलों का आरोप है कि घटना की सूचना करारिया थाने में दिए जाने के बावजूद अब तक उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बड़ा बाजार में वाटर कूलर प्याऊ का शुभारंभ

**विदिशा।** बडा सर्राफा एसोसिएशन द्वारा बड़ा बाजार सर्राफा चौक पर बाटर फिल्टर प्याऊ का शुभारंभ संरक्षक मनमोहन अग्रवाल द्वारा किया गया। इस दौरान अध्यक्ष संजय चौधरी राजेश सर्राफ, संजीव भंडारी महामंत्री राजेश सोनी खुबाल, लोकेश चौधरी, कमलेश सोनी, हीरालाल रघुवंशी, पवन सोनी, रूपेश गर्ग, अनुराग गोयल, रोहित अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, अंशुल लश्करी, वैभव जैन,घनश्याम अग्रवाल, प्रशांत सोनी,अंकित अग्रवाल, सुनील सोनी, संजय सोनी, विक्की जैन, राजकुमार गर्ग, सुनील जैन, दीपक सोनी,आदि सहित अनेक जन उपस्थित रहे।

## मैन ऑफ द सीरीज कुलदीप राजपूत को मिली इलेक्ट्रिक स्कूटी

# विधायक कप में पाड़ोछा टीम 11 बनी चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई



कॉलेज ग्राउंड पर चल रहे विधायक कप का बुधवार देर रात समापन हो गया। खेले गए रोमांचक फाइनल मुकाबले में पाड़ोछा 11 की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया, जबकि जय महाकाल ज्वेलर्स की टीम उपविजेता रही।

फाइनल मैच के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता एवं उपविजेता टीमों को सम्मानित किया गया। मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार जीतने वाले कुलदीप राजपूत को ऋषि सप्रे द्वारा इलेक्ट्रिक स्कूटी भेंट की गई। समापन अवसर पर आकर्षक आतिशबाजी, रंग-बिरंगी रोशनी और उत्साहपूर्ण माहौल ने आयोजन को यादगार बना दिया। खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने जीत का जश्न उत्साह के साथ मनाया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में आयोजक अंकित सप्रे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके नेतृत्व में ऋषि सप्रे, अक्षय सप्रे, आयोजन समिति के सदस्यों, खिलाड़ियों, टीम ऑनर्स और खेल प्रेमियों ने सक्रिय सहयोग दिया।

समापन समारोह में विधायक हरि सिंह सप्रे एवं उनकी धर्मपत्नी अनिता सप्रे विशेष रूप से उपस्थित रहीं। पूरे टूर्नामेंट के दौरान पार्षद इल्यास मोहम्मद, निक्की रघुवंशी और गौरव श्रीवास्तव की शानदार कॉमेंट्री ने दर्शकों को अंत तक रोमांचित बनाए रखा। आयोजन समिति ने सभी खिलाड़ियों, दर्शकों, सहयोगियों और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे खेल आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

## मांगों को लेकर कर्मचारियों का प्रदर्शन

# 15 दिन में समाधान नहीं हुआ तो सफाई कार्य बंद करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों ने गुरुवार को 14 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। सीएमओ को ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर उनकी मांगों का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन और सफाई कार्य बंद करने को मजबूर होंगे। इस प्रदर्शन में संगठन के जिला अध्यक्ष कमल खरे और नरेंद्र चौहान सहित बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी मौजूद थे। कर्मचारियों ने नगरपालिका प्रशासन पर उनकी समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया।

### वर्दी तक नहीं मिली

स्थायी, दैनिक वेतनभोगी और संविदा कर्मचारियों को लंबे समय से गर्म और ठंडी वर्दी नहीं मिली है। इसके साथ ही, सफाई कार्य के लिए आवश्यक उपकरण और सामग्री भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। कर्मचारियों ने उच्च गुणवत्ता के सफाई उपकरण और सामग्री नियमित रूप से उपलब्ध कराने की मांग की। संगठन ने नगर पालिका में रिक्त पदों पर वर्षों से कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग भी उठाई। इसके अतिरिक्त, संविदा कर्मचारियों की लंबित एरियर राशि का तत्काल भुगतान करने की मांग की गई।

**खबर संक्षेप**

## किसानों को कतारों में लगाकर किया जा रहा परेशानः ठाकुर



जावर। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर ने केंद्र व मध्य प्रदेश सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अन्नदाता अब हद से ज्यादा परेशान हो चुका है। किसान का काम अब सिर्फ लाइन में लगना रह गया है। श्री ठाकुर ने कहा, खाद खरीदनी हो तो टोकन, डीजल लेना हो तो लाइन, फसल बेचनी हो तो टोकन। देश की आर्थिक स्थिति खोखली हो चुकी है, किसानों को कंगाल बना दिया गया। जबकि सबसे ज्यादा रोजगार गांव में किसान ही देता है। उन्होंने आरोप लगाया कि खाद की लिमिट तय कर दी गई है। सोयाबीन उत्पादन के समय 3500 प्रति क्विंटल बेचना पड़ा, जबकि अब बीज के लिए 10000 प्रति क्विंटल खरीदना पड़ रहा है। इतना ही नहीं हमारे किसानों को खाद उसकी जरूरत के अनुसार मिले, लिमिट खत्म हो। डीजल सब्सिडी पर एवं प्राथमिकता से उपलब्ध कराया जाए। टोकन सिस्टम तुरंत बंद किया जाए। किसान को डीजल ट्रैक्टर के साथ-साथ डिब्बे में भी दिया जाए। जिससे किसानों को राहत मिल सके। अरविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि यदि किसान की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन करेगी, जिसकी पूरी जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### देर रात्रि तक श्रद्धालुओं ने लिया श्याम कीर्तन का आनंद, धुनों पर झूमे भक्त

# धार्मिक आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दरबार में लगाई हाजिरी

**जय श्री श्याम और हारे के सहारे की जय के जयकारों से गूंजायमान रहा पांडल।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर में प्रभु श्री श्याम बाबा की असीम कृपा और वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में आयोजित विशाल श्री श्याम संकीर्तन का कार्यक्रम अत्यंत गरिमामय, भव्य एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन में नगर सहित पूरे क्षेत्र से आए हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दरबार में अपनी हाजिरी लगाई और सुमधुर भजनों पर झूमकर धर्म लाभ लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा मित्र मंडल द्वारा प्रभु श्री श्याम की पूजा-अर्चना कर संकीर्तन का प्रारंभ किया।

### कलाकारों ने बांधा समां

आयोजन के दौरान विख्यात भजन कलाकार आशीष चित्वंशी लखनऊ, कृपा पटेल जयपुर एवं उत्कर्ष अग्रवाल सीहोर द्वारा प्रस्तुत किए गए बाबा श्याम के सुमधुर और कर्णप्रिय भजनों ने उपस्थित जनसमुदाय को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरा पांडल जय श्री श्याम और हारे के सहारे की जय के जयकारों से गूंजायमान रहा। आलौकिक श्रृंगार, भव्य छप्पन भोग और अखंड ज्योत इस धार्मिक महोत्सव के मुख्य आकर्षण रहे। कार्यक्रम की अभूतपूर्व सफलता एवं श्रद्धालुओं की भारी संख्या में उपस्थिति पर नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा ने नगर सहित क्षेत्र की जनता और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि श्री श्याम बाबा की असीम कृपा, वरिष्ठजनों के आशीर्वाद तथा नगर एवं क्षेत्रवासियों के अटूट स्नेह, सहयोग और सहभागिता से ही यह आयोजन इतना भव्य और यादगार बन पाया है। मैं इस आयोजन को सफल बनाने में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करने वाले सभी श्रद्धालुओं, मातृशक्ति, युवा साथियों, गणमान्य नागरिकों, समाजबंधुओं, भजन कलाकारों, कर्मठ कार्यकर्ताओं एवं समस्त श्याम प्रेमियों का हृदय से आभारी हूं।

### एकता और सेवा की मिलती रहे प्रेरणा

श्री मेवाड़ा कहा कि कार्यक्रम के दौरान नगरवासियों से जो आत्मीय स्नेह, उत्साह और सम्मान मिला है, वह अत्यंत अभिभूत करने वाला है। उन्होंने बाबा श्याम से प्रार्थना करते हुए कहा कि प्रभु श्री श्याम बाबा अपनी कृपा और आशीर्वाद हम सभी पर हमेशा बनाए रखें। साथ ही, उन्होंने ईश्वर से कामना की कि भविष्य में भी हम सभी को समाज, संस्कृति



एवं धर्म की सेवा के ऐसे पुनीत कार्यों में निरंतर इसी तरह मिल-जुलकर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन मौजूद थे।

# सिविल अस्पताल के डॉक्टरों ने महिला की बचाई जान

**बच्चेदानी का किया सफल ऑपरेशन**



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सिविल अस्पताल में मानु बाई सेन पति भैरू सेन निवासी आर्या तहसील इछावर के बच्चेदानी का सफल ऑपरेशन बीएमओ अमित माथुर के मार्गदर्शन में वरिष्ठ शल्य चिकित्सक डॉ भूपेंद्र परमार, डॉ जयदीप सिंह सिसोदिया निश्चेतना विशेषज्ञ, डॉ माधवी राय वरिष्ठ महिला चिकित्सक के द्वारा बच्चेदानी का सफल ऑपरेशन किया गया। 3 दिन पहले पीड़ित महिला मानु बाई सेन पति भैरु सेन निवासी आर्या तहसील इछावर से बीएमओ अमित माथुर के समक्ष अपनी बीमारी को लेकर पहुंची।

महिला ने बताया की मुझे हमेशा पेट में दर्द और मासिक धर्म की शिकायत रहती है। परंतु मेरे पास इतना पैसा नहीं है कि मैं प्राइवेट अस्पताल में जाकर अपना इलाज करा सकू। डॉक्टर माथुर के द्वारा इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए तुरंत चिकित्सक दल को बुलाकर मामले की गंभीरता को बताया गया, और महिला का स्वास्थ परीक्षण करवाया। जांच करने पर पता चला कि बच्चेदानी में खराबी होने के कारण पीड़ित महिला के पेट में दर्द रहता है और अगर ज्यादा देरी करते है तो महिला की जान को भी खतरा हो सकता है।

डॉक्टर भूपेंद्र परमार, डॉक्टर जयदीप सिंह सिसोदिया निश्चेतना विशेषज्ञ, डॉक्टर माधवी राय वरिष्ठ महिला चिकित्सक, नर्सिंग ऑफिसर अंजू रामटेके,परम वर्मा ओटी टेक्नीशियन और टीम के द्वारा किया गया यह एक ऐसा पहला मामला है जहां सिविल अस्पताल आष्टा में बच्चेदानी का सफल ऑपरेशन चिकित्सको के द्वारा किया गया। इस टीम की जितनी सराहना की जाए उतनी कम है क्योंकि अगर समय रहते महिला का ऑपरेशन नही किया जाता तो उनकी जान को भी खतरा हो सकता था कहते है कि अगर टीम वर्क से कार्य किया जाए तो हर काम आसान हो जाता है , इतने गंभीर मामले को भी बहुत ही आसानी से महिला का ऑपरेशन कर बड़ी बीमारी और महिला की जान को बचाकर इन चिकित्सको ने मानवता की मिसाल कायम की है। अस्पताल प्रबंधक जितेंद्र वर्मा, नर्सिंग ऑफिसर स्मिता सोलंकी, कल्पना मालवीय, सुनीता सोलंकी, कांता झरबढे, सुनीता पवार,कल्पना मायवाड़, सुरेश सेन, रवि गोस्वामी का विशेष योगदान रहा। पीडित महिला मनु बाई ने बताया कि मेरे पेट में बहुत दिनों से असहनीय दर्द रहता था मेरा ऑपरेशन करने वाले सभी डॉक्टरों को बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं कि उन्होंने मुझे इस दर्द से छुटकारा दिलवाया।

मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित माथुर ने बताया कि जब महिला मेरे पास अपने पेट दर्द की शिकायत लेकर आयी तब मैंने तुरंत सभी चिकित्सकों को बुलाकर इस मामले के बारे में बात की, महिला की सभी जांच इन्वेस्टिगेशन में पाया गया कि युटेरस इनफेक्शन होने की वजह से है पेट में दर्द रहता है चिकित्सकों के द्वारा हिस्ट्रेक्टोमी करने का निर्णय लिया गया और महिला का सफल ऑपरेशन चिकित्सक दल के द्वारा किया गया।

# 12 साल विश्वास, विकास और जनकल्याण के की उपलब्धियों को लेकर विधायक का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



भारतीय जनता पार्टी संगठन के निर्देशों के पालन में आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आष्टा विधानसभा क्षेत्र के मंडलो का दौरा शुरू किये है । दूसरे दिन विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने सिद्दिकगंज मंडल अध्यक्ष राकेश सिसोदिया के साथ मंडल के ग्राम पगारिया हाट, जसमत, दुदापुरा, बापचा, नोगांव, पीथापुरा, सिद्दिकगंज का दौरा किया। भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री पद पर कार्य करते हुए श्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्ष विश्वास,विकास एवं लोक कल्याण के पूर्ण होने पर 10 जून से पार्टी के निर्देशानुसार विधायक गोपालसिंह इंजीनियर चलो ग्राम ग्राम की ओर रवाना हुए।

10 जून को विधायक गोपालसिंह इंजीनियर खाचरौद मंडल के ग्रामो का दौरा किया उसके बाद सिद्दिकगंज मंडल के ग्रामो में पहुचे । दौरे के दौरान सभी ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों, बूथ अध्यक्षो, कार्यकर्ताओ, वरिष्ठजनों से विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने घर घर पहुंच कर भेंट कर संवाद किया । इस अवसर पर ग्रामीणजनों के साथ संवाद कर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 12 साल की उपलब्धियों से सभी को अवगत कराया एवं ग्रामीण जनों की समस्याओं को भी सुना ओर उनके हल करने का आश्वासन दिया । प्रत्येक ग्राम में पार्टी के व ग्राम के वरिष्ठ जनों के निवास पर पहुच कर उनका स्वागत सम्मान कर उनका अभिनन्दन किया । दौरे के दौरान पार्टी के निर्देशों के तहत दौरे के अंतिम ग्राम सिद्दिकगंज में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने रात्रि में बगवाई माता जी के एवं ग्राम के हनुमान मंदिर में आयोजित महाआरती में शामिल हुए एवं सभी ने भगवान से नरेंद्र मोदी जी की लंबी उम्र की कामना की। रात्रि में सिद्दिकगंज के हनुमान मंदिर में आयोजित महाआरती में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए । दौरे के दौरान सिद्दिकगंज के थाना परिसर में एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम में शामिल हुए एवं थाना परिसर को हरा भरा बनाने हेतु वृक्षारोपण कर शुभारम्भ किया । थाना परिसर में सिद्दिकगंज थाना प्रभारी राजूसिंह बघेल ने विधायक गोपालसिंह इंजीनियर का स्वागत सम्मान किया ।ग्रामीण क्षेत्रो के दौरे के दौरान विधायक ने चौपाल लगा कर सभी से संवाद किया और मोदी सरकार की उपलब्धियों से सभी को अवगत कराया ।

दौरे के दौरान विधायक गोपालसिंह इंजीनियर वरिष्ठ एडवोकेट निर्भयसिंह ठाकुर के निवास पहुंचे उनके स्वास्थ की जानकारी ली एवं उनसे संवाद कर स्वागत सम्मान किया। दौरे में सिद्दिकगंज मंडल अध्यक्ष राकेश सिसोदिया, खाचरौद मंडल अध्यक्ष शिव पाटीदार, यशवन्तसिंह ठाकुर, वीरेन्द्र सिंह ठाकुर, महेंद्रसिंह ठाकुर धाम, अशोक राठौर, महेंद्र काजले, राहुल गुर्जर, महेंद्र परमार, नारायणसिंह पटेल, राजेंद्र धारवा, कुलदीपसिंह ठाकुर धुराडा, लखन पडियार, मोतीलाल मालवीय, निर्भयसिंह ठाकुर, चंदरसिंह पडियार, चिकारसिंह, जितेन्द्रसिंह पटेल, दयाराम डुडबे, भूरसिंह बारियासहित सभी ग्रामो के बूथ अध्यक्ष, बूथ समिति के सदस्य, कार्यकर्ता, ग्रामीणजन, सरपंच बड़ी संख्या में उपस्तिथ रहे।

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना से वैष्णो देवी जाएंगे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत नगर के वार्ड क्रमांक 7 निवासी मदन लाल कोरी का चयन माता वैष्णो देवी तीर्थ यात्रा के लिए हुआ है। चयन की सूचना मिलते ही उनके परिवार में खुशी का माहौल है। मदन लाल कोरी ने मुख्यमंत्री, क्षेत्रीय विधायक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे जीवन का यादगार अवसर बताया।

मदन लाल कोरी ने कहा कि यह योग माता रानी की कृपा के कारण और सरकार की इस योजना के बिना उनके लिए माता वैष्णो देवी के दर्शन करना संभव नहीं था, लेकिन मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना ने उनका वर्षों पुराना सपना साकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह योजना बुजुर्गों और सामान्य परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है, जिससे उन्हें देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री का हृदय से धन्यवाद देते हुए कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सरकार आम नागरिकों की भावनाओं और आस्था का सम्मान कर रही है। मदन लाल कोरी ने क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा तथा क्षेत्रीय पार्षद सुभाष नामदेव का भी विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के सहयोग और मार्गदर्शन से ही उन्हें योजना का लाभ प्राप्त हो सका।

मदन लाल कोरी कल माता वैष्णो देवी के पवित्र धाम के लिए रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि माता रानी के दरबार में पहुंचकर वे नगर, प्रदेश और देश की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं जनकल्याण की प्रार्थना करेंगे। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के माध्यम से प्रदेश के हजारों वरिष्ठ नागरिकों को धार्मिक स्थलों के दर्शन का अवसर मिल रहा है, जिससे समाज के प्रत्येक वर्ग में उत्साह और संतोष का वातावरण बना हुआ है।

### गोपेश्वरधाम पर शिव चालीसा पाठ का आयोजन

**सीहोर**। शनिवार को मास शिवरात्रि के पावन अवसर पर शहर के मुगीसपुर के समीपस्थ श्री राधेश्याम विहार कालोनी में गोपेश्वरधाम पर नियमित रूप से शिव चालीसा का पाठ किया जा रहा है, वहीं शिवरात्रि के पावन अवसर पर सवा माह पूर्व हो जाने पर शांति हवन, भगवान शिव का विशेष अभिषेक के अलावा सत्यनारायण की कथा का आयोजन यज्ञाचार्य पंडित सतीश तिवारी, संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी, राहुल तिवारी सहित अन्य क्षेत्रवासियों ने किया। इस मौके पर पंडित श्री तिवारी ने कहाकि मंदिर आदि में नियमित रूप से प्रतिदिन यज्ञ और हवन होना चाहिए। यज्ञ करने से देवी-देवता प्रसन्न होते हैं और भक्तों को सुख-समृद्धि, आरोग्य एवं आध्यात्मिक शांति प्रदान करते हैं। यह एक पवित्र कर्म है जिसके माध्यम से ब्रह्मांड में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, इसके अलावा शिव चालीसा भगवान शिव की स्तुति है। शिव चालीसा को भगवान शिव की सभी स्तुतियों में सर्वश्रेष्ठ माना गया है। इसमें भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए शिव के उपासको द्वारा पाठ किया जाता है। वैसे तो भोलेनाथ केवल सच्चे मन से याद करने पर भी भक्तों की पुकार सुन लेते हैं, परंतु जो भी भक्त नियमित रूप से शिव चालीसा का पाठ करता है, उस पर भगवान शिव की विशेष कृपा होती है।

### आष्टा में ज्वेलर से 20 लाख की ठगीः नकली सोने के सिक्के देकर लाखों के जेवर खरीदे

**आष्टा**। नगर के बुधवारा मोहल्ले में एक स्वर्णकार से 20 लाख रुपए से अधिक की ठगी का मामला शनिवार को सामने आया है। दो अज्ञात व्यक्तियों ने नकली सोने के सिक्के देकर नकद रुपए और लाखों के सोने-चांदी के जेवर ठगे।आष्टा थाना प्रभारी नगर निरीक्षक गिरीश दुबे ने बताया कि शहर के बुधवारा स्थित गिरिराज ज्वैलर्स पर पिछले दो-तीन महीने से दो व्यक्ति सोने के सिक्के गिरवी रखने आ रहे थे। उन्होंने पहले असली सोने के सिक्के गिरवी रखकर ज्वैलर का विश्वास जीता था। शनिवार दोपहर करीब 12 बजे, आरोपी फिर गिरिराज ज्वैलर्स पहुंचे। उन्होंने 23 नकली सोने के सिक्के गिरवी रखने के लिए दिए और इसके बदले 20 लाख रुपये नकद लिए। इसी दौरान उन्होंने 6 लाख 40 हजार रुपये के सोने-चांदी के जेवर भी खरीदे और भाग गए। टीआई गिरीश दुबे ने बताया कि ज्वैलर ने विश्वास में आकर सिक्कों की जांच नहीं की। आरोपियों द्वारा दी गई आईडी और मोबाइल नंबर भी फर्जी पाए गए हैं। पुलिस अब आसपास के कैमरों की जांच कर रही है। आष्टा पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।



# भारतीय बेलदार जन जागरण नोनिया महासभा की आयोग बनाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर सर्किट हाउस पहुंचे आलोक शर्मा भोपाल सीहोर लोकसभा सांसद, नरेश मेवाड़ा भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष, सुदेश राय विधायक, प्रिंस विकास राठौर नगर पालिका अध्यक्ष, सुधीर प्रजापति नगर मंडल अध्यक्ष, हरीश कौशल भारती बेलदार जन जागरण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य, शरण वाल्मीकि भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष उपस्थित सभी सभी वरिष्ठ जनों के समक्ष भारतीय बेलदार जन जागरण नोनिया महासभा की मध्य प्रदेश में हुई जिला अध्यक्ष की घोषणा के बारे में सांसद को अवगत कराया।

इसके साथ ही बताया गया कि बेलदार समाज को भाजपा मप्र में कहीं स्थान नहीं मिला है और ना ही सरकार में समाज को कोई स्थान दिया गया है। प्रदेश भर में 30 से 35 जिला अध्यक्ष नियुक्त कर दिए गए हैं बाकी शेष बचे वह भी शीघ्र ही 2027 से पूर्व पूरे मध्य प्रदेश में गठन कर दिया जाएगा। हरीश कौशल भारतीय बेलदार जन जागरण नोनिया महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से भी आग्रह किया है कि मप्र में बेलदार समाज बहुत बड़ी तादात में निवास करती है, जो मजदूरी करने के साथ ही पुश्तैनी काम करती है जैसे मकान बनाने का काम गड्ढे खोदना, गिट्टी बोल्डर का काम करना, कुआं एवं खदानें खोदना, रोड नाली बनाना आदि काम समाज द्वारा किया जाता है। बेलदार समाज जो कि पूर्वजों से यही काम करती चली आ रहे हैं, हमारे समाज के लोग ज्यादा से ज्यादा भाजपा समर्थक हैं, लेकिन हमारे समाज के लोग शासन प्रशासन में नहीं है, ना ही हमारे अध्यक्ष हैं ना ही विधायक हैं ना ही मंत्री हैं। मप्र में आज हमारी समाज के लोग शासन प्रशासन की अनेक योजनाओं से वंचित है। श्री कौशल ने यह भी बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बेलदार समाज के महासम्मेलन में दिनांक 24 जुलाई 2018 मुख्यमंत्री निवास प्रांगण में कार्यक्रम के दौरान बेलदार आयोग बनाने का आश्वासन दिया था। हमारे इस गरीब अनुसूचित जाति के लोगों को मुख्य धारा से जुड़ सके एवं मुख्यमंत्री निवास पर 2018 से आज तक कभी भी बेलदार समाज का परिचय सम्मेलन नहीं हुआ एवं शासन प्रशासन से हमारी समाज को कोई हिस्सेदारी नहीं मिली है। निवेदन किया गया है कि जल्द से जल्द बेलदार आयोग बनाया जाए।

### अखिल भारतीय क्षत्रिय चंद्रवंशी खाती समाज की बैठक में लिए कई निर्णय

# आज शहर में निकलेगी भगवान जगदीश की रथ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अखिल भारतीय क्षत्रिय चंद्रवंशी खाती समाज द्वारा रविवार को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा और सामाजिक भव्य चल समारोह शहर में निकाला जाएगा। चल सोमवार को सुबह 10 बजे आवासीय खेल मैदान भोपाल नाका से शुरू होगा। शहर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ चल समारोह को भगवान जगदीश की रथ यात्रा निशा टॉकीज मैदान पर पहुंचेगी। अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय खाती समाज संगठन के संस्थापक वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ अजय पटेल ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष सामाजिक एकता अखंडता और भगवान जगदीश विशेष कृपा की साथ विश्व कल्याण और सनातन परंपराओं संस्कृति को जागृत रखना के उद्देश्य यह भव्य सुव्यवस्थित एवं ऐतिहासिक चल समारोह भगवान जगदीश की यात्रा निकाली जा रही है। समाज के विशिष्ट जनों जनप्रतिनिधियों अधिकारियों का सम्मान भी किया जाएगा। लिसा टॉकीज मैदान पर महा आरती और महाप्रसादी का वितरण कार्यक्रम भी रखा गया है।

चल समारोह को विशालता प्रदान करने के लिए विभिन्न समितियां का गठन किया गया है। संगठन संस्थापक डॉ. अजय सिंह पटेल के अनुसार सर्व सहमति से अध्यक्ष सागर वर्मा एवं कार्यकारी अध्यक्ष अनिरुद्ध वर्मा चल समारोह प्रभारी पम्पू वर्मा सोनू खाती पहलवान को नियुक्त किया। सामाजिक कार्यकर्ताओं का राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल, अटल अस्पताल संचालक संदीप वर्मा, रमेशचंद्र मुकाती, रघुनाथ वर्मा, नानूलाल कसानिया, करणसिंह वर्मा, शंकरलाल पटेल अमलाहा रामप्रकाश चौधरी, ओमप्रकाश मुनीम, रमेश वर्मा, पहलाद पटेल खड़ी, मदनलाल, बलराम पटेल, द्वारका प्रसाद वर्मा, महेंद्र वर्मा, कांताप्रसाद वर्मा सुनील उपलावदिया मार्गदर्शन करेंगे। भगवान जगदीश की यात्रा चल समारोह में निम्न वर्मा, देवेंद्र वर्मा, मोहन वर्मा, आशीष पटेल, अखलेश वर्मा, संदीप पटेल, दीपक वर्मा, मोहित वर्मा, सुनील वर्मा, मनोज वर्मा प्रवीण पटेल, आशीष चौधरी, प्रमोद वर्मा, महेंद्र वर्मा श्यामपुर, विकास वर्मा, अंकित चौहान, आशीष मुकाती, तिलक खाती, हरिश चौधरी, दीपेश वर्मा, विकास वर्मा, सोनू खाती,धर्मेंद्र उर्फ सिंटू, सचिन भैया, नेपाल वर्मा, नितिन पटेल एवं कृष्ण वर्मा भगवान जगदीश के चल समारोह रथ यात्रा की प्रमुख व्यवस्थाएं देखेंगे। अखिल भारतीय चंद्रवंशी खाती समाज संगठन के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं समस्त समाजजन और सनातन धर्मियों से भगवान जगदीश की रथ यात्रा में शामिल होने की अपील की है।